दैनिक प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 258 मुरादाबाद 12 January 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## धर्म भी अंधविश्वास होता है, अखिलेश यादव ने भाजपा को दे दिया नया चुनावी मुद्दा; भगवा दल ने लपका



धर्म भी कभी-कभी अंधविश्वास होता है... सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से एक इंटरव्यू में कही बात को भारतीय जनता पार्टी ने लपक लिया है और भगवा पार्टी इसे बड़ा मुद्दा बनाने में जुट गई है। भाजपा ने कहा है कि अखिलेश यादव ने लोगों की भावनाएं आहत की हैं और उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए।

### क्यों अखिलेश ने कही यह बात?

दरअसल, सपा अध्यक्ष से सोमवार को एक टीवी इंटरव्यू में पूछा गया था कि अपने कार्यकाल में वह कभी नोएडा क्यों नहीं गए। अखिलेश ने पहले तो नोएडा में किए गए काम गिनाकर सीधा जवाब देने से बचने की कोशिश की। लेकिन जब दोबारा उनसे यही सवाल पूछा गया तो हंसते हुए उन्होंने नोएडा वाली डर का सच स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा, श्श्नोएडा इसलिए नहीं गया क्योंकि माना जाता है कि जो चला जाता है वह मुख्यमंत्री नहीं आ पाता है। हमारे बाबा मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ) हो आए अब दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे।श्श् एंकर ने जब इसे अंधविश्वास कहा तो अखिलेश बोले, श्श्हां, तो धर्म भी कभी-कभी अंधविश्वास होता है।श्श्

### बीजेपी को मिला मुद्दा

अखिलेश यादव की हिंदू विरोधी छवि गढ़ने में जुटी भाजपा ने इसे लपकने में देर नहीं की। बीजेपी के ट्विटर हैंडल से इंटरव्यू के इस हिस्से को ट्वीट करते हुए लिखा गया, श्श्चुनावी हिंदूश् को धर्म अंध विश्वास ही लगेगा..." वहीं, यूपी के डेप्युटी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भी अखिलेश यादव के इस बयान की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें लोगों से माफी मांगनी चाहिए। मौर्य ने कहा, श्श्धर्म को अंधविश्वास बताने से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। मैं चाहता हूं कि वे माफी मांगे।"

### नोएडा अंधविश्वास पर योगी ने दिया जवाब

अखिलेश के बाद उसी टीवी चौनल पर योगी आदित्यनाथ ने इंटरव्यू में श्नोएडा अंधविश्वासश् पर जवाब दिया। उन्होंने कहा, " मैं तो आया ही हूं भ्रम तोड़ने, कहा जाता था कि जो नोएडा जाता है तो अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाता। मैंने तो अपना कार्यकाल पूरा भी किया और आगे भी हम सरकार बनाने जा रहे हैं।"

## फेसबुक पर सीएम योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, केस दर्ज

फेसबुक पर एक युवक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर विवादित फोटो पोस्ट कर दिया और टिप्पणी कर दी। इसकी जानकारी पर भाजपा नेता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। एसपी ने पुलिस को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।किशनी निवासी भाजपा नेता बीनू चौहान ने पुलिस को तहरीर दी कि 9 जनवरी को फेसबुक अकाउंट पर रवि यादव नाम के एक युवक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व सीएम अखिलेश यादव को जोड़कर एक विवादित फोटो शेयर किया और टिप्पणी की है। इस टिप्पणी और फोटो के स्क्रीन शॉट भी पुलिस को दिए गए। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच की और रवि यादव निवासी के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। किशनी पुलिस का कहना है कि पुलिस की जांच जारी है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। इस मामले में भाजपा नेता ने मैनपुरी पुलिस और आईजी आगरा को भी ट्वीट किया था। इस पर मैनपुरी पुलिस ने कार्रवाई करने और मुकदमा दर्ज होने की जानकारी शेयर की है।



सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन एक्ट की धारा 67 के तहत पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही हैं। माहौल बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। - अशोक कुमार राय, एसपी मैनपुरी

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## प्रचार को निकलीं नहीं, अब मुकाबले से भी किनारा, मायावती और सतीश मिश्रा नहीं लड़ेंगे चुनाव

उत्तर प्रदेश की चार बार सीएम बन चुकीं मायावती अब तक चुनाव प्रचार के लिए बाहर नहीं निकली हैं। 10 फरवरी से मतदान शुरू होना है और 7 चरणों के लंबे चुनाव के लिए अब तक किसी प्रचार की कमान मायावती ने खुद नहीं संभाली है। इस बीच खबर है कि मायावती खुद चुनाव भी नहीं लड़ेंगी। यही नहीं उनके मुख्य सिपहसालार सतीश मिश्रा भी चुनावी जंग से दूर रहेंगे। खुद बीएसपी महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा, श्पूर्व सीएम मायावती और मैं चुनाव नहीं लड़ेंगे।श् हालांकि इसके



बाद भी उन्होंने यूपी की सत्ता में बीएसपी की वापसी का दावा किया। समाजवादी पार्टी के 400 सीटें जीतने के दावे पर सतीश चंद्र मिश्रा ने कहा, श्समाजवादी पार्टी के पास तो 400 उम्मीदवार ही नहीं हैं तो फिर इतनी सीटें वे कैसे जीतेंगे। एसपी या फिर बीजेपी सत्ता में नहीं आएंगे। इस बार बहुजन समाज पार्टी सरकार बनाने जा रही है।श् सतीश चंद्र मिश्रा काफी दिनों से अकेले ही प्रचार की कमान संभाले हुए हैं। अवध से लेकर पूर्वांचल और पश्चिम यूपी तक उन्होंने दौरे किए हैं। खासतौर पर ब्राह्मण समुदाय को लुभाने के लिए उन्होंने कई आयोजन किए हैं। लेकिन मायावती की चुनाव को लेकर न तो कोई जनसभा हुई है और न ही कोई रोड शो आदि निकाला है। बता दें कि इस बार यूपी में बहुजन समाज पार्टी अकेले ही मैदान में उतरी है। गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक की सभी 403 सीटों पर पार्टी ने अपने कैंडिडेट उतारने का फैसला लिया है। अनुसूचित जाति वर्ग में बड़ी पैठ रखने वाली बीएसपी को लेकर कहा जा रहा है कि उसका फोकस राज्य की 85 आरक्षित सीटों पर है। 2017 में बीएसपी महज 19 सीटों पर ही सिमट गई थी। इस बार भी ओपिनियन पोल्स में उसके आसपास ही बीएसपी की सीटें रहने का अनुमान लगाया गया है। ऐसे में अब मायावती के चुनाव न लड़ने के फैसले से भी पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल प्रभावित होगा।

## नशामुक्त अभियान के तहतअनेकों शराब की भट्टियों को नष्ट किया गया

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



रूद्रपुर- थाना केलाखेड़ा -श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत मादक पदार्थो एवं नसे की बढ़ती प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने अवैध तरीके से नशीले पदार्थों व कच्ची शराब का क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध प्रभावी चेकिंग अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर महोदय व पुलिस अधीक्षक अपराध महोदय के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी बाजपुर महोदय के पर्यवेक्षण में केलाखेड़ा पुलिस द्वारा दिनांक 10/1/ 2022 को थाना केलाखेड़ा द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों /वस्तु /अवैध शराब की कसीदगी की चेकिंग में ग्राम तोता बेरिया , महोली जंगल में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें पुलिस द्वारा 3000लीटर लहन नष्ट किया गया, अनेकों शराब की भट्टियों को नष्ट किया व 20 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब कसीदगी के उपकरण बरामदगी के आधार पर थाना केलाखेड़ा में एफ आई आर नंबर 04/ 22 धारा 60/ 60(2)ग्म |ब्ज पंजीकृत किया गया बरामदगी - 20 लीटर कच्ची शराब खाम,शराब कसीदगी के उपकरण 02लोहे के ड्रम , 02 प्लास्टिक के पाईप , 02एलुमिनियम के पाईप , एक सफेद प्लास्टिक की बाल्टी |पुलिस टीम-उप निरीक्षक अर्जुन सिंह कांस्टेबल महेंद्र कांस्टेबल जगदीश |नाम पता अभियुक्त (1) गुरमेज सिंह पुत्र लखवीर सिंह निवासी ग्राम तोता बेरिया थाना केलाखेड़ा , ऊधम सिंह नगर

## SDRF रेस्क्यू टीम पोस्ट अस्कोट से उप निरीक्षक मनोहर कन्याल के नेतृत्व में तत्काल रवाना हुई

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



रूद्रपुर- SDRF टीम को एसडीएम धारचूला द्वारा अवगत कराया गया कि धारचूला, कालिका कुमटी गांव सिद्व मंदिर के पास अत्याधिक बर्फबारी होने के कारण कुछ लोग फंसे हैं। उनके रेस्क्यू के लिए SDRF टीम की आवश्यकता है|उक्त सूचना पर SDRF रेस्क्यू टीम पोस्ट अस्कोट से उप निरीक्षक मनोहर कन्याल के नेतृत्व में तत्काल रवाना हुई|एसडीआरएफ टीम को घटनास्थल पर पहुंचने के उपरांत पता चला कि मौके पर 08 लोग फंसे हुए है। जो कि कुमटी गांव सिद्व मंदिर में घूमने के लिए गए थे। अत्याधिक बर्फबारी होने के कारण फंस गए|एसडीआरएफ टीम के द्वारा फंसे हुए लोगों को भूख प्यास से कुछ राहत देने के उद्देश्य से सर्वप्रथम बिस्किट वितरित किए व उसके उपरांत अत्यंत विषम परिस्थितियों में भारी बर्फबारी के बीच सभी लोगों को नालालेख से सकुशल खूंटी गांव तक लाया गया । चूंकि सभी लोग बलवाकोट धारचूला के रहने वाले थे, अतः सभी को बस में सुरक्षित बिठाकर बलवकोट भेजा गया|घटनास्थल पर फंसे लोगों के नाम :-01. दिनेश सुरौला पुत्र श्री महेन्‍द्र सिंह उम्र 18 वर्ष |02. नीरज पुत्र श्री विक्रम सिंह उम्र 18 वर्ष |03. अंकित कुमार पुत्र सुनील कुमार उम्र 17 वर्ष |04. करण कुमार पुत्र जगदीश उम्र 18 वर्ष |05. बसंती देवी पुत्री श्री घनश्याम उम्र 49 वर्ष |06. विमला देवी पत्नी श्री किशन कुमार उम्र 40 वर्ष |07. करीना पुत्री श्री सुबेधराम उम्र 18 वर्ष |08. विनीता उम्र 17 वर्ष|रेस्क्यू टीम पोस्ट अस्कोट से उप निरीक्षक मनोहर सिंह कन्याल रेस्क्यू के नेतृत्व में आरक्षी मनोज थोलिया,आरक्षी जगमोहन सिंह, आरक्षी रामसिंह, व आरक्षी संतोष शामिल रहे।

## मेडिकल कॉलेज में बनाये गये कोविड वार्ड, आईसीयू सहित आदि का गहनता से निरीक्षण किया

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



रूद्रपुर- जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने मेडिकल कॉलेज पहुँचकर कोविड की संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिए की गयी तैयारियों का जायज़ा लिया |उन्होंने मेडिकल कॉलेज में बनाये गये कोविड वार्ड, आईसीयू सहित आदि का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्टाफ को पीपीई किट के पहने-उतारने हेतु डफिंग एरिया वार्ड के बाहर ही बनाये रखने, पीपीई किट बाहर से पहनकर ही वार्ड एवं आईसीयू में प्रवेश करने, आईसीयू में स्थापित सभी मशीनों को समय-समय पर चलाने व जॉच करने के निर्देश दिये। उन्होंने बन्द मशीनों को भी चलाकर देखने के निर्देश दिये। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ऑक्सीजन आपूर्ति, आईसीयू बेड, एक्सरे मशीन, डायलसिस मशीन सहित सभी तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये |उन्होंने सीएमओ कार्यालय में स्थापित कोविड कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने होम आईसोलेशन होने वाले व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप से कॉल करने, कॉल डिटेल एवं पूछे जाने वाले सवाल-जवाब को रजिस्टर में पंजीकृत करने, डाटा एन्ट्री कार्य को पूरी सावधानी से करने के निर्देश दिये |जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने जिला कार्यालय परिसर में कोविड वैक्सीनेशन की बूस्टर डोज भी लगवाई। इस अवसर पर श्री पन्त ने कहा कि वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों ने अभी तक पहली डोज नहीं लगवाई है, वह पहली डोज जरूर लगवाले तथा जिन्हे पहली डोज लगने के पश्चात दूसरी डोज हेतु समय पूरा हो चुका है, ऐसे व्यक्ति दूसरी डोज़ अवश्य लगवायें। उन्होंने जनता से सामाजिक दूरी का अनुपालन करने, मास्क पहनने व समय-समय पर हाथ धौने एवं सेनिटाइज़र का उपयोग करने के का आह्वान किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त काशीपुर चीनी मिल जय भारत सिंह, सहित डॉ.बलवीर सिंह, डॉ.राजेश कुमार सिंह, डॉ.आरके सिंह, डॉ.गौरव अग्रवाल, डॉ.अजय वीर सिंह, डॉ. डीएस पन्चपाल, डॉ.हरेन्द्र मलिक आदि उपस्थित थे।

WWW.KNLSLIVE.COM

## उत्तराखंड में 4600 ग्रेड पे की मांग पूरी ना होने पर पुलिसकर्मियों में नाराजगी देखी जा रही हैं

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

रूद्रपुर- उत्तराखंड में 4600 ग्रेड पे की मांग पूरी ना होने पर पुलिसकर्मियों में नाराजगी पनप रही है। हरिद्वार के ऋषिकुल मैदान पर इकट्ठा हुए नाराज पुलिसकर्मियों ने दो-दो लाख रुपये वापस लौटाने का फैसला लिया। पुलिसकर्मियों का कहना है कि उन्हें भीख नहीं, बल्कि अपना हक चाहिए। इस बीच कुछ पुलिसकर्मियों ने चुनाव ड्यूटी का बहिष्कार करने की चेतावनी भी दी। वहीं, इंटरनेट मीडिया पर भी यह मामला तूल पकड़ रहा है। रविवार को 2001 बैच के पुलिसकर्मी ऋषिकुल क्षेत्र में इकट्ठा हुए और तय किया कि ग्रेड पे के बदले में सरकार ने उन्हें दो-दो लाख रुपये की जो एकमुश्त रकम दी है, उसे लौटाया जाएगा |पुलिसकर्मियों का कहना है कि वह सरकार से भीख नहीं मांग रहे हैं, बल्कि उन्हें अपना हक चाहिए। वहीं, फेसबुक और व्हाटसएप पर भी नाराज सिपाही और उनके परिजन मोर्चा संभाले हुए हैं। उन्होंने 'बायकॉट भाजपा' के नाम से एक मुहिम छेड़ दी है, जिसमें पुलिसकर्मी अपने रिश्तेदारों और परिचितों से आगामी चुनाव में भाजपा को वोट ना देने की अपील कर रहे हैं। इस पूरे मामले को लेकर अधिकारी अलर्ट हो गए हैं |पुलिसकर्मियों की पत्नियों से मीडिया से बात करते हुए साफ कहा कि भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। उन्हें भीख नहीं अपने पतियों का अधिकारी चाहिए। उनका साफ कहना है कि धामी जहां से भी चुनाव लड़ेंगे पुलिसकर्मियों के परिवार वहां जाकर उनके खिलाफ लोगों को समझाएंगे। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा के प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव प्रचार किया जाएगा।

## भोजपुर में दो कुंतल मांस पकड़ा, चार के खिलाफ मुकदमा

मुरादाबाद- नगर पंचायत भोजपुर पीपलसाना में अवैध तरीके से भैंस का मांस काटा जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी करते हुए करीब दो कुंतल भैंस का मांस बरामद कर लिया। मौके से कारोबारी फरार हो गए। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। मंगलवार की सुबह को थाने में तैनात उपनिरीक्षक सुधीर कुमार ने पुलिस बल के साथ पीपलसाना ईदगाह के पास छापेमारी करते हुए करीब दो कुंतल भैंस का मांस और मौके से काटने के उपकरण इलेक्ट्रॉनिक कांटा व पिकअप गाड़ी पकड़ी। इस दौरान मौके से आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने अवैध तरीके से मांस काटने वाले कारोबारी फसी निवासी जामा मस्जिद भोजपुर, मुर्तुजा एवं अरबाज निवासी पुराना बुध बाजार के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# प्रदेश युवक कांग्रेस(पश्चिमी) की जम्बो कमेटी घोषित

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



मुरादाबाद- महानगर के तीन युवाओं को इसमे जगह मिली। कांग्रेसी नेताओं ने इन नियुक्तियों के लिये पार्टी हाईकमान को कहाष्शुक्रियाष। मंगलवार को युवक कांग्रेस के पश्चिमी क्षेत्र अध्यक्ष ओमवीर यादव ने 10 उपाध्यक्ष,24 महासचिव व 53 सचिवों की भारी भरकम कार्यकारणी घोषित की। इसमे महानगर के सचिन प्रेमी को महासचिव,फैज़ान खा व दानिश कुरैशी को बतौर सचिव शामिल किया गया है। इन नियुक्तियों के माध्यम से कांग्रेस के ही कई नेताओं ने हाईकमान स्तर पर अपनी दखल को दर्शाया है। वारहाल इन नियुक्तियों पर कांग्रेस नेताओं असलम खुर्शीद, अनुभव मल्होत्रा एस एम बिलाल अनुराग शर्मा शदान ,एडवोकेट अरशद परवेज हाजी अजीम कुरैशी अजय सारस्वत सोनी,रिज़वान कुरैशी, नरेंद्र सिक्का हैप्पी राशिद अंसारी फैजान सिद्दीकी व पार्टी प्रवक्ता सुधीर पाठक सोशल मीडिया प्रदेश सचिव अदनान अमन ने हाईकमान का आभार जताया है।

# आने वाले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को विजयश्री दिलाने के लिए कोर्डिनेटरों के बीच हुई चर्चा

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा। विधान सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी भारी मतों से विजयी बनाने के लिए क्षेत्र के गांव नारायनपुर छंगा में आयोजित बैठक भाजा युवा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह की अध्यक्षता और मुख्यअतिथि राकेश प्रजापति और किशोर कुमार की मौजूद में संपन्न हुई। विधानसभा क्षेत्र के गांव नारायणपुर छँगा में ठाकुरद्वारा देहात मंडल के शक्ति केंद्र मुनीमपुर के सभी वूथ अध्यक्ष, वूथ प्रभारी और शक्ति केंद्र व मंडल के पदा अधिकारियों की बैठक भाजपा युवा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह की अध्यक्षत में आयोजित की गई। बैठक में दिल्ली से आए कोर्डिनेटर राजेश प्रजापति और किशोर में मुख्य अतिथि रहे। बैठक में आगामी विधान सभा चुनाव में भाजपा प्रत्यासी कैसे विजयश्री दिलाए जाने पर चर्चा की गई। बैठक में सभी वूथ अध्यक्ष ,शक्ति केंद्र संयोजक और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा अपने अपने विचार रखे गए । बैठक में राजीव कुमार, जिला उपाध्यक्ष डॉ ओंमपाल सिंह सैनी, देहात मंडल अध्यक्ष अखिलेश विश्नोई, महामंत्री विनीत विश्नोई, जिला मंत्री भानु प्रताप , शक्ति केंद्र संयोजक सुरेंद्र सिंह, दिग्विजय सिंह, समरपाल सिंह, विरेंद्र सिंह, अभय प्रताप, अभिषेक, तेजप्रकाश, शांति सिंह, नरेंद्र सिंह, रिशु आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टीकाकरण के लिए शिक्षण संस्थानों पर छात्र संघ अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा कोरोना का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। शासनादेश पर 15 वर्ष से लेकर सभी का कोविड टीकाकरण आवश्यक है। सोमवार को छात्र संघ अध्यक्ष रवि चौधरी ने नगर के शिक्षण संस्थानों पर पहुंचकर छात्र -छात्राओं को जागरूक करते हुए टीकाकरण कराने पर जोर दिया। देश में कोरोना ग्राफ सिर से बढ़ने लगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश की अवाम कोरोना को लेकर दहशत में है। कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए छात्र संघ अध्यक्ष रवि चौधरी ने नगर के शिक्षण संस्थानों पर पहुंचकर कोविड टीकाकरण के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए टीकाकरण कराने पर जोर दिया। उन्होने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं के कोविड टीके लगे है। वहीं छात्र-छात्राएं शिक्षण संस्थानो पर पहुंचकर शिक्षा ग्रहण करे। सरकार द्वारा निःशुल्क कोरोना वैक्सीनेशन अभियान चल रहा है। जिसमें 15 से 18 वर्ष तक युवाओं का कोविड टीकाकरण किया जा रहा है। । इस मौके पर कुलदीप शर्मा, युवराज चौधरी , कृष्ण कांत शर्मा , रोहित चौधरी, आदिल, अमित सैनी, सुमित ठाकुर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

# गोली चलने के बाद बैंक में तोड़फोड़, पड़ा ताला

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



मुरादाबाद-गोकुलदास गर्ल्स कॉलेज रोड पर स्थित यूनियन बैंक की शाखा पर गोली चलने की घटना के बाद कुछ असामाजिक तत्वों की तरफ से तोड़फोड़ किए जाने का मामला भी सामने आया। जिसके बाद ब्रांच में ताला डाल दिया गया। जिसके चलते बैंक में अपने काम से पहुंचे कई ग्राहकों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ गया। ब्रांच में गोली चलने की घटना की जानकारी मिलते ही अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक अतुल बंसल शाखा पर पहुंचे और ब्रांच मैनेजर व अन्य स्टाफ से इसके बाबत पूछताछ की। उन्होंने बताया कि गोली चलने के बाद कुछ लोगों ने ब्रांच में तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। पुलिस के तत्काल सक्रियता दिखाने की वजह से हालात बिगड़ने से बच गए। एलडीएम अतुल बंसल के मुताबिक बाहर से शाखा में प्रवेश करने को लेकर हुई धक्का मुक्की के चलते गार्ड की बंदूक नीचे गिर गई और बाहर की तरफ को गोली चल गई। जिसकी चपेट में आकर गेट के बाहर खड़ी छात्राओं और महिला के पैर में छर्रे लग गए। उन्होंने बताया कि पुलिस की तरफ से पर्याप्त सुरक्षा मिलने के बाद ही बुधवार को ही यह ब्रांच खोली जाएगी।

## कोरोना से बढ़ाई सख्ती के चलते घटी घटना

यूनियन बैंक की जिस गोकुलदास गर्ल्स कॉलेज रोड स्थित ब्रांच में गोली चलने की सनसनीखेज घटना घटी वहां के स्टाफ में कोरोना संक्रमण का मामला सामने आ गया था। बैंक अफसरों के मुताबिक इसी के चलते शाखा में ग्राहकों के प्रवेश करने की व्यवस्था बदली गई थी। ब्रांच के अंदर ज्यादा भीड़ इकट्ठी न हो जाए इसके मद्देनजर ग्राहकों की भीड़ गेट के बाहर ही रोककर एक-एक ग्राहक को ही अंदर प्रवेश करने दिया जा रहा था। बाहर से गेट के अंदर प्रवेश करने के लिए ग्राहकों में मची आपा-धापी के नतीजे में धक्का लगकर गार्ड की बंदूक गिर जाने से गोली चलने की घटना घट गई।

www.knlslive.com

# पीड़ित के साथ हो रहा अत्याचार पीड़ित कर रही कार्रवाई का इंतजार फैसले के दबाव में दबंगों ने की घर में घुसकर मारपीट

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खेरुल्लापुर निवासी एक महिला चार दिन से दबंगों पर कार्यवाही कराने के लिए चक्कर काट रही है।दबंगो ने फैंसले के दबाव में पीड़िता के घर पहुँच कर उसके व उसकी बेटियों के साथ जमकर की मारपीट ।जिसके बाद पीड़िता ने एसएसपी से कार्यवाही की गुहार लगायी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खेरुल्लापुर निवासी एक महिला के मुताबिक़ 6 जनवरी को गाँव के ही अवधेश पुत्र नौबहार व गोलू पुत्र शीतल ने उसके इकलौते बेटे के साथ मारपीट थी जिसकी शिक़ायत उसने कोतवाली पुलिस से की थी तथा दिनांक 7 जनवरी को उसकी बेटी को घर मे अकेला पाकर बुरी नियत से दबोच लिया विरोध करने पर उसकी बेटी को बुरी तरह मारा-पीटा ग्रामीणों ने आरोपियों से उसकी बेटी को छुड़ाया।पीड़िता का आरोप है कि आरोपी 10 जनवरी को उसके घर फैंसले का दबाव बनाने के लिए पहुँचे और इनकार करने पर उसके व उसके परिवार के साथ मारपीट की।पीड़िता ने मामले की शिक़ायत एसएसपी से की है पीड़िता को डर है कि आरोपी उसके परिवार के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं

## बजरी से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, हादसा टला

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा मुरादाबाद सडक़ मार्ग पर रामनगर से बजरी भरकर मुरादाबाद की तरफ जा रहा ट्रक सिल्लोड नजरपुर गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना गन्ने के ट्रैक्टर से बचाने के चलते हुई घटना के दौरान रास्ते पर अन्य वाहन व राहगीर नहीं होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। अनियंत्रित होकर ट्रक सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गया सड़क किनारे खड़े 11,000 बिजली के के खंबे को तोड़ता हुआ खाई में पलट गया गनीमत रही के उस वक्त लाइन में बिजली नहीं चल रही थी जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया गनीमत रही कोई व्यक्ति भी घायल नहीं हुआ

**अन्य खबरों के लिए देखे**
WWW.KNLSIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा-संपादक

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001;उत्तर प्रदेशद्ध से छपवाकर कार्यालय म. नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद ;उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# New point of collision



The Kazakhstan issue has become a new point of contention between Russia and the West. Russian soldiers have gone there at the request of President Tokayev of Kazakhstan. Naturally America and Western countries have not liked this intervention. They have questioned the legality of sending the army.Kazakhstan has become a new point of confrontation amid already escalating tensions between the US and Russia. After widespread violence in Kazakhstan, troops of the Collective Security Treaty Organization (CSTO) were sent there. Russia has the most prominent role in the CSTO. Apparently, most of his soldiers have gone there at the request of the President of Kazakhstan, Kasim Jomart Tokayev. Naturally America and Western countries have not liked this intervention.They have questioned the legality of sending the army. On this basis, the issue emerged that from Monday, the question of Kazakhstan will also arise in the talks of America, NATO and other European countries starting with Russia. But Russia has vehemently denied this. It has said that there is nothing in Kazakhstan that should be discussed. So it is clear that both the sides have different stances. This difference is expected to bring a new boil in the already ongoing tensions over Ukraine and many other questions.Hundreds of people took to the streets in Kazakhstan to protest the high LPG prices. LPG also known as autogas is the main fuel here. Since then this wave of protest spread all over the country and where thousands of people took to the streets and joined the protest. Protesters also took to the streets in Almaty, which used to be the capital here.There the Rashtrapati Bhavan was set on fire. Along with this, there were also reports of setting fire to municipal buildings and police vehicles. Security forces then swung into action, which is said to have killed dozens of people. As the demonstrations spread, President Tokayev slashed gas prices.But that didn't stop the unrest. Meanwhile, the Prime Minister has resigned. Still the protesters did not calm down. Then the President declared a state of emergency in the most affected areas of the country and requested the CSTO to send the army. The CSTO took immediate action on this. But now this matter has become another point of contention between Russia and Western countries. This has raised a new challenge in front of the peace talks that started in Geneva on Monday.


# After a fight with Abhijeet, Neha Bhasin got her hair style done, people said - 'Bitchukle's sister-in-law did Takla'

Famous singer and ex-contestant of Bigg Boss 15 Neha Bhasin has come under the trolls' target. She is trolling because of her new hairstyle. Neha Bhasin has cut her hair short. Since then, many social media users are linking her hairstyle to a statement by Bigg Boss 15 contestant Abhijeet Bichukale and trolling Neha.Actually, Neha Bhasin went as a guest in this week's Weekend Ka Vaar episode. During this, he had an argument with Abhijeet Bichukale. In Bigg Boss 15, Neha Bhasin slams Abhijeet Bichukale for his antics. Then Abhijeet Bichukale fights with him while answering his words. Neha Bhasin tells Abhijeet Bichukale, 'Let's say footwear, neither will I hit you with shoes after coming inside.Hearing this, Abhijeet says angrily to Neha Bhasin, 'My sister-in-law aai nahi takli karegi tujhko.' Salman Khan himself is surprised to hear this. Now after the end of Weekend Ka Vaar episode, Neha Bhasin has cut her hair short. Since then they are trolling. Neha Bhasin has shared the picture of her new hair cut on social media.Neha Bhasin is very active on social media. She often shares her special pictures. Neha Bhasin has shared a picture on her official Instagram account. His short brown hair is seen in this picture. While some fans of Neha Bhasin are very fond of this picture, many social media users have trolled her.Commenting on the picture of Neha Bhasin, a user named _justkaiffff wrote, 'This is what Bichukale asked to do, it seems his sister-in-law did it.' hudachaudhary_ wrote in his comment 'Bitchukle's sister-in-law has done a fight?' shaad1408 wrote, 'Afraid of Abhijeet, he made his hair earlier.' qadirwali6 wrote in his comment,'Abhijeet Bichukale did the trick.' ha_mdan9457 wrote, 'Bitchukle's sisters-in-law bald.' Apart from these, many other social media users have commented and trolled Neha Bhasin for the new hairstyle.



# Kirti Kulhari turns producer

Mumbai- Bollywood actress Kirti Kulhari has now turned producer. Kirti Kulhari has launched her own production house named Kintsukuroy Films, whose first project is a dark comedy thriller heroine, in which she will also star. Kirti Kulhari said that it was my dream to start a production house,For which planning was going on for the last several years. I want to narrate the stories of the world to the people with good content, which is unique in itself, unique and heart touching. My intention is to provide equal opportunities to all in the process of film production and also to make the working environment more cooperative.Kirti Kulhari said that my beginning as a producer could not have been better than this. Nayika is a fun place for me to explore something that I have never done before. It is a dark comedy thriller and brings together very young, dynamic and talented people. Director and writer Ajaykiran Nair has done a great job. With such a unique script, my journey as a producer has just started. The heroine is the story of a struggling actress who accidentally gets caught up in a crime.




# जिलाधिकारी ने किया रूहेलखण्ड मेडिकल कालेज में ऑक्सीजन संयंत्र का उद्घाटन



सत्यम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली– जिलाधिकारी श्री मानवेंद्र सिंह ने आज रूहेलखण्ड मेडिकल कालेज में ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र का उद्घाटन किया। यह संयंत्र 800 एलपीएम (लीटर प्रति मिनट) तक मेडिकल ऑक्सीजन का उत्पादन करने की क्षमता रखता है और यह कोविड–19 से पीड़ित व्यक्तियों को ऑक्सीजन थेरेपी और श्वसन सहायता प्रदान करेगा। पब्लिक हेल्थ सेक्टर में कार्य करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था 'पाथ' ने इस महीने की शुरूआत में जिले में एक 800 एलपीएम संयंत्र प्रदान किया है। ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र के उद्घाटन के बाद जिलाधिकारी श्री मानवेंद्र सिंह ने कहा इस ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र की स्थापना हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है ताकि चिकित्सा ऑक्सीजन की मांग को पूरा किया जा सके और रोगियों को समय पर ऑक्सीजन प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि कोविड के गंभीर रोगियों को ऑक्सीजन की आवश्कता पड़ती है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि भविष्य में इस तरह के और संयंत्र स्थापित किए जायेगें ताकि कोरोना महामारी के खिलाफ हमारी लड़ाई को जारी रखा जा सके। संपीड़ित हवा से नाइट्रोजन को सोखकर, ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र 93 प्रतिशत शुद्धता पर चिकित्सा ऑक्सीजन की एक सतत् धारा का उत्पादन करने में सक्षम होगा और अब अधिकतम आवश्यकता पर चिकित्सा ऑक्सीजन की निर्बाध आपूर्ति के साथ प्रतिदिन 500 रोगियों को ऑक्सीजन उपलब्ध करा सकेगा। यह संयंत्र गूगल इंडिया द्वारा दान किया गया है और इसे 'पाथ' के तकनीकी सहयोग से स्थापित किया गया है। डा. सतीश ताजने, प्रोजेक्ट लीड, 'पाथ' इंडिया कंट्री ने कहा कि 'पाथ' लगभग एक दशक से श्वसन देखभाल के क्षेत्र में काम कर रहा है। महामारी की दूसरी लहर के दौरान जरूरतमंद रोगियों को ऑक्सीजन प्रदान करने में हमें कई समस्याओं का सामना करना पड़ा है, 'पाथ' भारत में सरकारी अस्पतालों तथा चिकित्सा संस्थानों को इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए अथक प्रयास कर रहा है। इस परियोजना के तहत ऑक्सीजन उत्पादन क्षमता को बढ़ाना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर रोगियों को ऑक्सीजन थेरेपी मिल सके"। 'पाथ' के संचालन प्रबंधक श्री नीलेश गंगवार ने कहा कि मेडिकल ऑक्सीजन की जीवन रक्षक शक्ति को दूर दराज के अस्पतालों तक पहुंचाना है। यह संयंत्र उसी लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक कदम है।

## चोरों के हौसले हुए बुलंद 49 हजार रूपए की हुई छिनैती



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा– थाना जलेसर अंतर्गत ताराचंद पुत्र पाती राम निवासी ग्राम महानमई केनरा बैंक जलेसर से बेटी की शादी हेतु 49000 निकाल कर लाए जिन्होंने मोहनिया मेडिकल स्टोर जलेसर निकट आगरा अड्डा गोल चक्र से कुछ दवाई खरीदने हेतु रुके वहीं से शातिर चोर महिलाओं ने रूपयों से भरे थैले को छीन लिया पूरी घटना मेडिकल स्टोर पर लगे बबजअ कैमरा में हुई कैद।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# इंडियन शेख अब्बासी अल्पसंख्यक महासभा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा– इंडियन शेख अब्बासी अल्पसंख्यक महासभा एटा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान वारसी के नेतृत्व में हुई जिस का संचालन अब्बासी महासभा के जिला अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड किया मुख्य अतिथि के रूप में आदरणीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष असरार अहमद डंपी प्रदेश उपाध्यक्ष सादीक अहमद साहब प्रदेश महासचिव मोहम्मद इरफान एडवोकेट मौजूद रहे इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष असरार अहमद जी ने कहा के समाज के लिए काम करना हमारे लिए बहुत ही ज्यादा खुशी के लिए बात है अगर हम किसी गरीब के काम आते हैं किसी बेसहारा लोगों का सहारा बनते हैं यह हमारे लिए बहुत खुशी की बात है राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सद्दीक अहमद साहब ने कहा कि हमें अपने अब्बासी समाज को बहुत ऊंचाइयों तक ले जाना है और आज की नई पीढ़ी पढ़े लिखे लोगों की है जो कि बहुत ही अच्छी बात है हमारा अब्बासी समाज में वकील डॉक्टर पुलिस महकमे एडीएम टीचर्स मौलवी हाफिज और काफी अच्छे मुकाम पर हैं राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद इरफान एडवोकेट जी ने कहा कि हम अपने समाज की नहीं बल के अल्पसंख्यक के सभी समाज लोगों की आवाज बनेंगे और यह आवाज पूरे प्रदेश में गूंज आएगी आने वाले दिनों में हम अपने समाज की बाहुबली संख्या दिखाएंगे और साबित करेंगे अब्बासी समाज भी जिला शहर में प्रदेश में अच्छे कार्य करने का भी काम करेगा इंडियन शेख अब्बासी जिला कमेटी के जिला अध्यक्ष इरफान वारसी और इंडियन शेख अब्बासी अल्पसंख्यक यूथ ब्रिगेड महासभा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद रियाज अब्बास ने कहा आने वाले दिनों में अब्बासी समाज अपने समाज के नियम और भी सामाजिक की कार्य करेगा और 25 जनवरी को अब्बासी डे बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा और करो ना के देखते हुए प्रोटोकॉल का भी ध्यान में रखते हुए हम यह कार्यक्रम बनाएंगे इसमें तमाम अब्बासी समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद हफीज अब्बासी जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद पप्पू अब्बासी जिला महासचिव मोहम्मद फरमान अब्बासी जिला महासचिव मसर्रत दुमरी वाले भाई राजू ठेकेदार शरीफ अब्बासी तस्लीम भाई बबलू अब्बासी शानू अब्बासी यूथ ब्रिगेड के जिला महासचिव लल्ला बाबू अब्बासी यूथ ब्रिगेड के जिला सचिव महात्मा नाजिम अब्बासी यूथ ब्रिगेड के सोशल मीडिया प्रभारी मोहम्मद रिहान और तमाम अब्बासी लोग मौजूद रहे

# मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिये दो गेट बनाए जाएं : जिलाधिकारी



सत्यम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली– जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मानवेंद्र सिंह ने कहा कि कोविड–19 के प्रोटोकॉल का पालन कराते हुए मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिये दो गेट बनाए जाएं। जिलाधिकारी ने आज विधानसभा क्षेत्र बहेड़ी के 3, विधानसभा क्षेत्र मीरगंज के 4 बूथों का निरीक्षण किया और कहा कि कोविड के दृष्टिगत प्रत्येक मतदान केन्द्र पर सैनेटाइजर तथा मास्क की व्यवस्था पहले से ही कर ली जाए। बहेड़ी के लाल बहादुर शास्त्री इण्टर कालेज के निरीक्षण में उन्होंने कहा कि मतदाताओं के लिये एक अतिरिक्त द्वार बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां पर वैक्सीनेशन की गति को तेज करने के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी बहेड़ी ने बताया कि इस स्कूल में 7 बूथ बनाये गये हैं। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने माहात्मा गांधी मेमोरियल इण्टर कालेज बहेड़ी का भी निरीक्षण किया जहां पर उन्होंने तहसीलदार के जर्जर आवास को शीघ्र निष्प्रयोज्य कराने के निर्देश दिये। इसके पश्चात उन्होंने केसर इण्टर कालेज बहेड़ी का निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी बहेड़ी ने बताया कि इस स्कूल में 7 बूथ बनाये गये हैं तथा कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुये मतदाताओं के लिये 2 गेट भी बनाये गये हैं। जिलाधिकारी ने इसके पश्चात मण्डी परिसर बहेड़ी का भी निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी बहेड़ी ने अवगत कराया गया कि इस मण्डी परिसर से 58 पोलिंग पार्टियां रव.ाना की जायेंगी। उन्होंने बताया कि परिसर में पोलिंग पार्टियों के ठहरने की भी व्यवस्था की गई है। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने कृषक इण्टर कालेज शीशगढ़ का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां भी वैक्सीनेशन की रफ्तार में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने गांधी इण्टर कालेज शाही का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी को उप जिलाधिकारी मीरगंज ने जानकी देवी इंटर कालेज मीरगंज में अवगत कराया गया कि इस विद्यालय में मतदाताओं के लिये 6 बूथ बनाए गए हैं तथा इस विद्यालय में मतदाताओं के लिये 2 गेट बनाये गये हैं। इसके पश्चात उन्होंने राजेन्द्र प्रसाद इण्टर कालेज मीरगंज का निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी मीरगंज ने बताया गया कि इस स्कूल में 430 पोलिंग पार्टियों के रूकने की व्यवस्था की गयी है। जिलाधिकारी ने वैक्सीनेशन की गति कम पाकर इसमें सुधार करने के निर्देश दिये।

## कलेक्टर ने अरूणोदय कोचिंग सेंटर परिसर में चल रहे कार्यो का अवलोकन किया एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य कर पूर्ण करने के निर्देश दिए



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव ने आज अरूणोदय कोचिंग सेंटर में कोचिंग कर रहे छात्रों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बनाए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यो का अवलोकन किया तथा छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसे ध्यान में रखकर गुणवत्तापूर्ण कार्य कर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने परिसर में बन रहे हॉल, गर्ल्स हॉस्टल, लाइब्रेरी का भी अवलोकन किया तथा हॉल में निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने लाइब्रेरी में पर्याप्त पुस्तक रखने की व्यवस्था, फर्नीचर, बिजली आदि व्यवस्थित रख ने कहा है। उन्होंने कोचिंग सेंटर कर रहे छात्राओं के लिए बन रहे कन्या छात्रावास का भी अवलोकन किया तथा बेड व्यवस्था, शौचालय, पानी व्यवस्था एवं पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिसर में बन रहे हॉल के लिए गेट बनाने कहा |इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री चंद्र बेस सिसोदिया, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्री विश्वनाथ रेड्डी, तहसीलदार प्रतिक जायसवाल, एसडीओ मोहम्मद फरहान, एडीओ श्री कीर्ति खुसरो सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे

WWW.KNLSIVE.COM

## कलेक्टर ने किया कला केंद्र का निरीक्षण किया



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव ने आज छत्तीसगढ़ की संस्कृति, कला, पारंपरिक परंपरा, विभिन्न रीति रिवाज के विलुप्त हो रहे कलाकृतियों को संकलित कर रखने के लिए सूरजपुर में बनाए जा रहे कला केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा विलुप्त हो रहे कलाकृतियों संकलित कर कला केंद्र में संजो कर रखने विशेष व्यवस्था बनाए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ की संस्कृति परंपरा को बढ़ावा देने के लिए सूरजपुर नगर में बनाए जा रहे कला केंद्र में पारंपरिक रीति-रिवाजों को जीवित रखने के लिए युवाओं को संगीत के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए कला केंद्र स्थापित किया जा रहा है जिसमें म्यूजिक, गीत रिकॉर्डिंग, क्लासेस तथा पेंटिंग कार्य भी सिखाया जाएगा जिसमें रोजगार के साथ विभिन्न कलाओं को सीखने का अवसर भी प्राप्त होगा। इस दौरान उन्होंने कला केंद्र में लाईटिंग व्यवस्था करने के लिए भी निर्देशित किया है। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री चंद्र बेस सिसोदिया, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्री विश्वनाथ रेड्डी, तहसीलदार प्रतिक जायसवाल, एसडीओ मोहम्मद फरहान, एडीओ श्री कीर्ति खुसरो सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे

WWW.KNLSIVE.COM

## जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने की जिले के समस्त नागरिकों से अपील

# जिले में कोरोना का बुस्टर डोज शुरू

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- जिले के समस्त हेल्थ केयर वर्कर और फ्रंटलाईन वर्कर सहित 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को लगाया जाने वाला एहतियाती डोज आरम्भ हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सिंह के साथ जिला चिकित्सालय सूरजपुर के चिकित्सक एवं अन्य अस्पताल कर्मचारियों ने भी एहतियाती डोज लगवाया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि प्रदेश सहित जिला में भी चिकित्सा स्टॉफ, फ्रंटलाइन वर्कर और 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों को कोरोना से बचाव के लिए तीसरी डोज दी जा रही है, जिसे बुस्टर डोज कहा गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ. अजय मरकाम ने बताया कि इस श्रेणी में आने वाले



ऐसे व्यक्ति जिनकी दोनों डोज पूर्ण हो चुका है यथा उनको 09 महिने या 32 सप्ताह बीत चुके है, वे लोग इसे लगवा सकते है। इसके लिए चयनित हितग्राही ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट कर सकते है अथवा टीकाकरण साइट पर जाकर सीधे टीका लगवा सकते है। 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों से किसी प्रकार का कोई सर्टिफिकेट नहीं लेना है, किन्तु चिकित्सक से सलाह लेना अनिवार्य है।

### दोनों टीका लगवाने वालों को ही बुस्टर डोज

जिन हितग्राहियों ने पहला और दूसरा डोज लगवाया है उन्हें ही यह डोज लगेगा, इसके लिए व्यक्ति अपनी पहली, दूसरी डोज के समय उपयोग किए गए आई.डी. प्रुफ का उपयोग करेगें। जिन हितग्राहियों को को-वैक्सीन का टीका लगा है, उन्हें बुस्टर डोज में को-वैक्सीन का ही टीका लगाया जायेगा। साथ ही जिनको कोविशील्ड का टीका लगाया गया है, उन्हें बुस्टर डोज का टीका कोविशील्ड का ही लगेगा। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से अपील की गई है, की संबंधित हितग्राही जिन्हें बुस्टर डोज लगना है वह तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर बुस्टर डोज लगवाये।

## जगन्नाथ प्रसाद सोनी बने आई टी सेल सोशल मीडिया भटगांव के विधान सभा अध्यक्ष

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- सूरजपुर जिले के चाँदनी क्षेत्र बिहापुर के ग्राम पंचायत अवंतिकापुर के रहने वाले जगन्नाथ प्रसाद सोनी को कांग्रेस आई टी सेल भटगांव विधानसभा अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम व छ. ग. के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा आई टी सेल सोशल मीडिया के राष्ट्रीय



अध्यक्ष श्री रोहन गुप्ता जी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस आई टी सेल एवं सोशल मीडिया के प्रदेश अध्यक्ष जयवर्धन बिस्सा की भावनाओं के अनुरूप कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने हेतु कांग्रेस आई टी भी सेल एवं सोशल मीडिया के भटगांव विधानसभा क्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है। सेवक के रूप कांग्रेस पार्टी में कार्य कर चुके हैं और उन्होने कहा मेरे जैसा एक छोटा सा कार्यकर्ता को विधान सभा क्षेत्र में जगह मिला है यह बड़ा गर्व की बात है इसके लिए मैं एक कांग्रेस के सच्चा सिपाही बनकर हर संभव मदद करने के लिए तत्पर रहुंगा आप सभी महानुभावाओं का दिल से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता हूँ। क्षेत्र के युवाओं में हर्ष का माहौल है।

# कन्दरई के छात्र छात्राओं ने कराया वैक्सीनेशन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्दरई में 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं का वैक्सीनेशन किया गया। भारत सरकार एवं छत्तीसगढ शासन के स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार विद्यालय के प्राचार्य लखन लाल सोनकर के संरक्षण एवं बीएमओ डाक्टर प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन, स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं यूनिसेफ और एनएसएस द्वारा गठित ब्लू ब्रिगेड की टीम द्वारा 03 जनवरी से शिविर लगाकर कोविड



टीकाकरण कार्य किया जा रहा। वैक्सीनेशन को लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह रहा। पांच दिन में 582 छात्र-छात्राओं का कोविड टीकाकरण किया गया। शिविर में विद्यालय के 15 से 18 आयु वर्ग के 81 प्रतिशत छात्र-छात्राओं का वैक्सीनेशन हो चुका है। शेष बचे छात्र, छात्राओं का वैक्सीनेशन कार्य आगे जारी रहेगा। कोविड टीकाकरण शिविर को सम्पन्न करने में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कन्दरई के डाक्टर पीपी खलखो, आरएचओ रामनरेश प्रजापति, एएनएम रूपकुमारी राजवाड़े, कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार सिंह, लक्ष्मी प्रसाद पाली परवेज खान,अनिल राजवाड़े सतीश सहित समस्त शिक्षक, स्वयंसेवक सुभाष सिंह, प्रमोद यादव, मानिकचन्द, चांदनी, खुलेश्वर, मानमती, सावित्री, रामेश्वरी, सुरमेश्वरी का विशेष योगदान रहा।

## दातागंज विकास क्षेत्र के ग्राम पुरैनी में
## रोड नहीं तो वोट नहीं ग्रामीणों का प्रदर्शन



सोहेल खान
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूं- पुरैनी गांव में दो सड़कें मुख्य मार्ग को जोड़ती हैं जिनमें एक कच्ची है दूसरी टूटी है ग्रामीणों ने कहा कि यदि रोड नहीं बना तो चुनाव का करेंगे बहिष्कार ग्रामीणों का घंटों चला धरना प्रदर्शन गांव में जलभराव और गंदगी से भी लगे अंबार बता दें कि आज दातागंज विकास क्षेत्र के ग्राम पुरैनी में ग्रामीणों ने जमकर धरना प्रदर्शन किया। जहां ग्रामीणों ने कहा कि यदि गांव को रोड नहीं है तो वोट भी नहीं दिया जाएगा। पूरा गांव मतदान का बहिष्कार करेगा। बतादें की पुरैनी गांव के लिए दो मार्ग हैं जो मुख्य मार्ग से जोड़ते हैं। जिसमें एक सड़क मनरेगा के तहत पहले पड़ी थी जो आज तक कच्ची है। तथा दूसरे मार्ग पर पक्का रोड है।जो कि टूटा हुआ है। कई सालों से इस पर रिपेयरिंग भी नहीं हुई है।वहीं दोनों मार्ग जलमग्न है तथा कीचड़ से भी सने हुए हैं।यहां आने जाने वालों को कठिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है।ऐसे में शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों पर भी प्रभाव पड़ता है।वहीं ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि रोड नहीं पड़ेगा तो कोई भी वोट नहीं करेगा इस बार वह चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

## डीईओ, एसएसपी ने मतदान केन्द्रों की
## तैयारियों का लिया जायजा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूं- मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी दीपा रंजन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 ओ0पी0 सिंह ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पांच या पांच से अधिक मतदान बूथों के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। डीईओ, एसएसपी ने सिंगलर गर्ल्स इण्टर कालेज, राजकीय कन्या इण्टर कालेज एवं राजकीय इण्टर कालेज में मतदान केन्द्रों की स्थिति का जायजा लिया। डीईओ ने नगर मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार को निर्देश दिए कि समस्त मतदान केन्द्रों की सभी तैयारियें समय से पूर्ण कर ली जाए। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 की तैयारियों के चलते ऐसे मतदान केंद्र व विद्यालय जिनमें पांच या इससे अधिक बूथ बनाए गए हैं। उन्होने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों पर मूलभूत आवश्यकताएं निर्धारित मानक के अनुरूप अब तक की गयी तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पोलिंग बूथों पर पेयजल, स्वच्छता, शौचालय, विकलांग वोटरों के लिये रैंप तथा शौचालय आदि के बारे में



संबंधित से पूछतांछ की तथा निर्देशित करते हुए कहा कि सभी तैयारियां समय से पूर्ण होनी चाहिए। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जनपद के लिए आवंटित केन्द्रीय अर्ध सैनिक बलो के ठहरने हेतु चिन्हित टिथोनस एवं फ्लोरेन्स नाईटिंगर्ल पब्लिक स्कूल जिला निर्वाचन अधिकारी दीपा रंजन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 ओ0पी0 सिंह ने निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दोनो वरिष्ठ अधिकारियों ने अर्धसैनिक बल के जवानों के ठहरने की व्यवस्था एवं मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को तत्काल दुरुस्त करने के नगर मजिस्ट्रेट अमित कुमार एवं एसपी सिटी प्रवीण सिंह चौहान को संयुक्त रूप से समन्वय स्थापित कर कमियो को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि रूकने हेतु चिन्हित किये गये स्थानों का भ्रमण कर निर्धारित गाईडलाईन के तहत व्यवस्था करने एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने पानी, बिजली, शौचालय एवं स्नानघर के उचित प्रबंध करने के निर्देश देते हुए कहा कि जवानों को ठहरने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर तहसीलदार करनवीर सिंह एवं सीओ सिटी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जल ही जीवन के तहत
## जागरूकता अभियान



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूं- अधिशासी अभियन्ता जल निगम ने अवगत कराया है कि राज्य स्तरीय जल जीवन मिशन जागरूकता 15 दिवसीय अभियान के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति एवं जल निगम बदायूं के सामूहिक मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत डूड नगर विकासखंड उझानी जिला बदायूं में जल चौपाल लगाकर जल स्वच्छता समिति एवं समस्त ग्राम पंचायत के लोगों को जल के महत्व गुणवत्ता हर घर जल, हर घर नल के महत्व को बताया और गंदे पानी से होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया। इसी क्रम में ग्रामपंचायत अटसेना विकासखंड दातागंज में नारा लेखन के माध्यम से जन मानस को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम प्रधान एवं डीपीएमयू हसीबुर रहमान एवं क्षमता वर्धन अशोक द्विवेदी आदि ने प्रतिभाग किया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की,
## ट्रैक्टर ट्रॉली से मृत्यु




सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- जसपुर ठाकुरद्वारा मार्ग पर उत्तराखंड के थाना जसपुर से आ बाइक सवार सामने जा रही ट्रेक्टर ट्राली की चपेट में आ गया। जिसमें बाईक सवार घायल हो गया। 108 एबुंलेंस की मदद उपचार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नगर के मोहल्ला धुनों वाली मस्जिद के निकट वार्ड नंबर 13 निवासी जफर पुत्र बाबू बाइक से सुरमा आदि बेचकर अपने परिवार की गुजर-बसर करता था सोमवार को उत्तराखंड के थाना जसपुर में सुरमा आदि बेचकर देर शाम वापस बाइक से घर आ रहा था तभी ठाकुरद्वारा जसपुर मार्ग पर मोड़ के निकट सामने जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली में बाइक चपेट में आ गई। जिससे बाइक सवार घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया । जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

## चौधरी महाजन लाल गौरव पब्लिक इंटर कॉलेज में बच्चों को लगाया गया टीकाकरण




प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती – विकास खण्ड जमुनहा के चौधरी महाजन लाल गौरव पब्लिक इंटर कालेज बीरगंज पटना में बच्चों को कोविड 19 की को वैक्सीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर की एएनम रामसती द्वारा बच्चों को टीका करण किया गया ।जिसमें 145 बच्चों की टीका करण किया गया ।जिसमें बच्चों की आयु 15 से 18 के बीच टीका करण किया गया है ।इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक रूद्रसेन वर्मा , प्रधानाचार्य रंजन कुमार व विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे ।

## ए टी एम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती – श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शातिर/वांछित अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे। कुछ दिन पूर्व को0 भिनगा क्षेत्र में एक व्यक्ति की मदद करने के नाम पर उसका ए0टी0एम0 बदल कर कुल 04,84,478/- रू की ठगी का मामला प्रकाश में आया था। जिसपर पुलिस अधीक्षक ने तत्काल स्वाट/साइबर/सर्विलांस टीम व थाना को0 भिनगा की संयुक्त टीम बनाकर अति शीघ्र मामले का खुलासा करने तथा इस मामले में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कडी कार्यवाही करने का निर्देश दिया था। जिसके फलस्वरूप स्वाट/ साइबर/ सर्विलांस टीम व थाना को0 भिनगा को ए0टी0एम0 चोर गिरोह का पर्दाफाश करने में बड़ी सफलता मिली है। कल दिनांक 09-01-2022 को स्वाट/साइबर/सर्विलांस टीम व थाना को0 भिनगा की संयुक्त टीम ने 03 अन्तर्राज्यीय शातिर व



पेशेवर कार्ड चोरो को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से विभिन्न घटनाओं में ठगी किये गए 80,000 रुपया नगद, 09 अदद विभिन्न बैंको के कार्ड, 04 मोबाइल फोन, 01 ऑल्टो कार , 01 मोटरसाईकिल बरामद हुआ है। पकड़े गए कार्ड चोरो का सरगना रतन कुन्डू है जो कि एक शातिर व पेशेवर कार्ड चोर है। जिसपर जनपद श्रावस्ती के अतिरिक्त जनपद अयोध्या, बहराइच, बलरामपुर, कुशीनगर व गोण्डा में कार्ड चोरी, ठगी, धोखाधड़ी, शस्त्र अधि0, लूट व गैंगेस्टर सहित कई अभियोग पंजीकृत है। इस गैंग में सरगना रतन कुन्डू के अलावा अन्य सदस्य सन्तोष कुमार व कुलदीप शुक्ला हैं। इस गैंग ने उ0प्र0 राज्य के अलावा मध्य प्रदेश के जनपद ग्वालियर भिण्ड मुरैना में भी कई अपराध कारित किये है। सरगना रतन कुन्डू व उसका सहयोगी सन्तोष कुमार पाण्डेय जनपद कुशीनगर से लूट के प्रकरण में पिछले दो साल से फरार चल रहे थे। जिस कारण से कुशीनगर पुलिस द्वारा इन दोनों पर 25,000-25,000 के इनाम घोषित किया है। अभियुक्त रतन कुन्डू द्वारा ठगी कर प्राप्त की गई विभिन्न राशि लगभग- 3,00,000/- रू0 जो की उसके व उसके परिजनों के खातों में है को भी सीज कराने की कार्यवाही भी की जा रही है।

## चिकित्सा अधीक्षक डा0 नवीन को हटाने पर अड़ा स्टाफ, कार्य बहिष्कार

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
अलीगढ़ – बिजौली सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डा. नवीन कुमार को हटाने के लिए स्टाफ ने मोर्चा खोल दिया। इमरजेंसी सेवाएं छोड़कर सभी कार्य ठप कर दिए। इससे रोगियों को परेशानी हुई। आशा कर्मियों ने भी काम नहीं किया। सभी जिला मुख्यालय पर पहुंचे और डीएम की कार के सामने खड़े होकर कार्रवाई की मांग की। एडी हेल्थ के सुनवाई न करने पर हंगामा दो दिन का अल्टीमेटम देकर सभी प्रदर्शनकारियों को वापस भेज दिया है।


## 20 किमी प्रति घंटे से तेज गाड़ी दौड़ाई तो कटेगा चालान

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
अलीगढ़ – सड़क दुर्घटनाओं और




इनमें होने वाली मृत्यु दर पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने आठ ऐसे स्थान चुने हैं। जहां पर गति सीमा निर्धारित कर दी है। 20, 30, और 40 किमी प्रतिघंटे की अधिकतम गति सीमा तय की गई है। जिसमें हल्के वाहनों का सीधा 2000 रूपये, भारी वाहनों पर 4000 रूपये का चालान होगा। इन गतिसीमा का उल्लंघन करने वाले लोगों पर स्मार्ट सिटी कैमरों से मंगलवार से चालान प्रारंभ हो गया है। अगर ओवर स्पीड में लोग वाहन चलाते मिले तो चालकों के विरुद्ध एमवी एक्ट में विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पाँच नहीं सिर्फ तीन प्रत्याशी को नामांकन कक्ष में प्रवेश



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
अलीगढ़ – विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक नियमों में कई बदलाव हुए हैं। इस बार नामांकन कक्ष में पाँच नहीं प्रत्याशी समेत तीन लोगों को ही प्रवेश मिलेगा। कोरोना काल में कम से कम भीड़ नामांकन कक्ष में पहुंचे, इसके लिए आयोग ने यह फैसला लिया है। अगर प्रत्याशी नहीं हैं और प्रस्ताव ही नामांकन कर रहा है तो फिर दो लोगों को ही प्रवेश मिलेगा। प्रशासन की तरफ से इसको लेकर आदेश जारी हो गया है। सभी विधानसभाओं के लिए जिले में आरओ व एआरओ की तैनाती कर दी गई है। अब आरओ-एआरओ ही अपने विधानसभा क्षेत्र की सभी तैयारियां को पूरा करेंगे।

## नुमाइश में इस बार फीका रहा जलसे का रंग



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
अलीगढ़ – जलसे की शुरुआत में दावा किया जा रहा था, कि इस बार के सभी कार्यक्रम खास होंगे। वीवीआईपी कल्चर की व्यवस्था खत्म होगी। कम से कम खर्च में ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम होंगे और स्थानीय प्रतिभाओं को भरपूर मौका मिलेगा, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी अफसर कोहिनूर के आनंद तक सिमटे रहे। नुमाइश की जरूरत को न किसी ने पहचानने की कोशिश की और न कुछ नया करने पर विचार हुआ। जिस कार्यक्रम को ढाई लाख में कराया जा सकता था, उसके लिए पांच लाख तक दिए गए। राजनीतिक दवाब के चलते न चाहते हुए भी अफसरों को यह धनराशि देनी पड़ रही थी।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में
संपर्क करे-
9027776991

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com